'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. General Part-II Examination, 2022

HINDI

PAPER-V

Time Allotted: 2 Hours　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 15×2 = 30

(क) प्रसाद की कविता में प्रेम-सौन्दर्य का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(ख) "नागार्जुन सच्चे अर्थों में जनकवि हैं।"– इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ग) निराला की प्रगतिशील चेतना पर प्रकाश डालिए।

(घ) छायावादी कवि के रूप में महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या दीजिए – 5×3 = 15

(क) प्यारे जगाते हुए हारे सब तारे तुम्हें
अरुण-पंख तरुण-किरण
खड़ी खोलती है द्वार –
जागो फिर एक बार!

(ख) छूती है निगाहों को
कत्थई दाँतो की मोटी मुस्कान
बेतरतीब मूँछों की थिरकन
सच-सच बताओ
घिन तो नहीं आरती है ?
जी तो नहीं कुढ़ता है ?

(ग) अधरों में राग अमन्द पिये,
अलकों में मलयज बन्द किये –
तू अब तक सोई है आली।
आँखों में भरे विहाग री!

(घ) संसृति के प्रति पग में मेरी
साँसो का नव अंकन चुन लो,
मेरे बनने-मिटने में नित
अपनी साधों के क्षण गिन लो।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए – 1×5 = 5

(क) निराला द्वारा रचित शोकगीत का नाम लिखिए।

(ख) पंत के प्रथम काव्यसंग्रह का नाम लिखिए।

(ग) कामायनी का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(घ) नागार्जुन का मूल नाम क्या है ?

(ङ) महादेवी की मृत्यु किस वर्ष हुई ?

——×——